[Shri Iqbal Singh]

ment. We will do only a part of the job. What the West Bengal Government and the Bridge Commissioners will say, whether they will require consultancy or not I do not know. It is not for me, it is for the West Bengal Government to decide, but they have told me that they will take at least five years and they will try to complete it within that time from the start of the work.

MR. SPEAKER: The question is:

"That the Bill be passed."

The motion was adopted.

16.11 hrs.

STATUTORY RESOLUTION *RE*, ESSENTIAL COMMODITIES (AMENDMENT) CONTINUANCE ORDINANCE; AND ESSENTIAL COMMODITIES (AMENDMENT) CONTINUANCE BILL

MR. SPEAKER: We take up the Resolution and the Bill. They will be discussed together as already intimated. The time allotted is two hours.

AN HON. MEMBER: The time may be extended.

MR. SPEAKER: This has been fixed by the Business Advisory Committee and approved by the House.

श्री कंवर लाल गुप्त (दिल्ली सदर) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी आज्ञा से एसेन्शल कमोडिटीज (अमेंडमेंट) कंटिनुएंस बिल, 1970 के डिसऐप्रूवल का प्रस्ताव, जिसके लिए सरकार ने अध्यादेश जारी किया था, इस सदन के सामने रखता हूं। अगर इस बिल की बैकग्राउंड देखी जाय तो उसके सम्बन्ध में सन् 1964 में जो उस समय के प्रधान मंत्री थे उन्होंने कहा था कि देश में अनाज की बहुत कमी है, ब्लैक मार्केटिंग हो रही है, लोगों को अनाज नहीं मिल रहा है, इसको रोकने के लिए कोई ऐसा बिल आना चाहिए, ऐसा कानून बनाया जाना चाहिए जिसमें समरी ट्रायल की व्यवस्था हो और जल्दी ही कुसूरवार को सजा दी जा सके। इस चीज को सामने रखते हुए 1964 में यह बिल दो साल के लिए बनाया गया था, और यह विश्वास दिलाया गया था कि जब यह स्थिति हट जाएगी तब यह चीज समाप्त हो जाएगी। उसके बाद 1966 से 1968 तक यह चला और अब मंत्री महोदय कहते हैं कि यह कानून 1971 तक चलना चाहिए। यह एक गंभीर मामला है।

मेरा जो डिसऐप्रूवल का प्रस्ताव है उसके दो कारण हैं। एक तो यह कि अच्छा होता अगर इस अध्यादेश के बजाय यह सरकार यह बिल इस सदन के सामने लाती। जो पार्लियामेंट की प्रोप्रायटी है उसको तोड़कर, उसको परे छोड़कर सरकार छोटी-बड़ी हरएक चीज के लिए अध्यादेश जारी करती है, वह समय पर जगती नहीं। अगर सरकार को यह मालूम था कि इसका समय बीतता जा रहा है, और आज भी अगर उसकी आवश्यकता है तो सरकार का यह फर्ज था कि वह पहले जगती और इसको इस सदन के सामने लाती। कौन सा विधेयक और कौनसा प्रस्ताव इस सदन में कब आना चाहिए, यह देखना सरकार के चीफ व्हिप का काम है और सरकार का काम है, उनको इसके लिए समय निकालना चाहिए। बड़े दुःख की बात है. . .

अध्यक्ष महोदय : आप चीफ व्हिप पर बड़े मेहरबान हैं।

श्री कंवरलाल गुप्त : सरकार का सही। अगर यह बहुत महत्वपूर्ण विधेयक है तो इसके लिए सरकार ने दो या तीन घंटे का समय पहले क्यों नहीं निकाला? क्यों बैकडोर से इसके लिए अध्यादेश जारी किया। जिस प्रकार से सरकार ने काम किया है उसके लिए मैं उसकी निन्दा करना चाहता हूं।

इस बिल में क्या है? इस बिल में जो हमारे

फंडामेंटल राइट्स हैं, जो बेसिक प्रिंसिपल है, उसका क्लिअर वायोलेशन है। इसमें यह कहा गया है कि किसी भी व्यक्ति को उसका समरी ट्रायल करके सजा दी जा सकती है और कुछ केसेज में तो अपील भी नहीं होगी। बगैर अपील के आप समरी ट्रायल के बेसिस पर कुछ लोगों को सजा देना चाहते हैं। क्यों? क्या आज वही स्थिति है जो 1964 में थी? क्या परिस्थितियां बदल गई हैं? 1964 में इस देश में डिटेंशन ऐक्ट था। आज हमने डिटेंशन ऐक्ट हटा दिया। केन्द्रीय सरकार ने हटा दिया। केन्द्रीय सरकार ने हटा दिया इतना ही नहीं, अधिकांश राज्य सरकारों ने डिटेंशन ऐक्ट नहीं बनाया। कारण यह है कि वह नहीं चाहती कि बगैर अदालत के सामने पेश किए, बगैर उनके साथ न्याय किए किसी आदमी को जेल में रक्खें, यह फंडामेंटल स्पिरिट के खिलाफ है। आज हमारा प्रजातन्त्र देश है, उसमें इस प्रकार से नहीं होना चाहिए। क्या यह बिल ऐन्टी-डिमाक्रेटिक और ऐन्टी पीपल नहीं है। आप बगैर किसी को पूरा मौका दिए सजा देना चाहते हैं और फिर उसको अपील भी नहीं करने देना चाहते। मैं समझता हूं कि यह चीज बहुत गलत है। इसका मतलब तो यह है कि आपको अपनी जुडीशिअरी के ऊपर कांफिडेंस नहीं है। अगर आपका केस ठीक है तो आप अदालत जा सकते हैं, मुकदमा कर सकते हैं, अपनी बातें कह सकते हैं। उसके कहने के बाद मजिस्ट्रेट जो फैसला करे वह आपको मानना चाहिए। आज भी क्रिमिनल प्रोसीजर कोड में इस चीज का प्राविजन है कि कुछ कैसेज में समरी ट्रायल्स हो सकते हैं। आप एक नया कानून क्यों लाना चाहते हैं। अगर आप यह समझते हैं कि कुछ कैसेज वैसे हैं तो आपको क्रिमिनल प्रोसीजर कोड की तहत सजा देनी चाहिए। लेकिन सरकार क्या करती है? कानून बनाए जाते हैं, शासन ने ढेर-के-ढेर उसके लगा रक्खे हैं। उनको पता भी नहीं है कौन-कौनसे कानून बनाए गए हैं और अप्लाई भी हो रहे हैं या नहीं, और ठीक अप्लाई हो रहे हैं या गलत अप्लाई हो रहे हैं। इसलिए इस चीज की कोई जरूरत नहीं है।

आज तो स्थिति सुधर गई है, हमारे अनाज और खुराक की चीजों का पहले से बहुत अच्छा हाल है। हमारे यहां अनाज बहुत अच्छा पैदा हुआ है। मैं यह तो नहीं कहूंगा कि आज ब्लैक मार्केटिंग नहीं है, लेकिन उतनी मात्रा में नहीं है जितनी आज से पांच-छः वर्ष पहले थी। आज पहले से ज्यादा सुविधा है चीजों के मिलने में। इसीलिए अभी सरकार ने यह कहा कि सारे देश में एक व्हीट जोन होना चाहिए। क्योंकि आज अनाज की पैदावार पहले से अच्छी है। अभी यह भी कहा गया कि 1971 तक हम पी० एल० 480 का अनाज बाहर से नहीं मंगायेंगे। जब यह परिस्थिति है तब क्या जस्टिफिकेशन है कि सरकार 1971 तक इस चीज को बढ़ाना चाहती है? क्यों 1971 तक यह बिल लागू रहे?

मैंने डिटेंशन ऐक्ट के बारे में कहा कि नक्सलाइट हैं जो खुल्लमखुल्ला कहते हैं कि हमारा सम्बन्ध चीन से है, रिवेल नागा कहते हैं कि हम हिन्दुस्तान का हिस्सा नहीं हैं, वह हथियार लेकर सरकार का खुल कर मुकाबला करते हैं। कलकत्ता के बाजारों में, नागालैंड और बंगाल में, हिन्दुस्तान के कोने-कोने में यह सब कुछ हो रहा है। उनके लिए सरकार डिटेन्शन ऐक्ट नहीं लाना चाहती, लोगों को पकड़ कर अन्दर नहीं करना चाहती। उनके लिए समरी ट्रायल्स नहीं हैं, लेकिन इन चीजों के लिए समरी ट्रायल्स हैं। मैं किसी गलत आदमी को प्रोटेक्ट नहीं करना चाहता, किसी की हिफ़ाजत नहीं करना चाहता। जो ब्लैक मार्केटिंग कर रहे हैं उनको पूरी और कड़ी सजा मिलनी चाहिए। लेकिन उसके लिए आप कहें कि अदालत के सामने नहीं जाना चाहिए। मैं इसको मानने के लिए तैयार नहीं हूं। मैं नहीं चाहता कि कहीं भी कोई ब्लैक मार्केटिंग करने वाला बचे, उसको कड़ी-से-कड़ी सजा मिलनी चाहिए। लेकिन ऐसा न हो कि उसकी आड़ में कोई गरीब आदमी

[श्री कंवर लाल गुप्त]

फंस जाय, ऐसा न हो कि कोई बेगुनाह फंस जाय। यह चीज मैं नहीं चाहता। इसलिए जब आज हालात सुधर गए हैं तब इस चीज की जरूरत नहीं है।

1964 से यह ऐक्ट लागू है। आज छः साल हो गए हैं। इस अर्से में आपने कैसा काम किया है? क्या उद्देश्य था इस कानून को बनाने का? यही उद्देश्य तो था कि ठीक तरह से और रेग्युलेटिड सप्लाई हो, ठीक दामों पर हो, डिस्ट्रीब्यूशन ठीक हो, प्रोडक्शन ठीक हो। यही तो चार इसके उद्देश्य थे। क्या ये उद्देश्य पूरे हुए हैं? छः सालों में जो काम आपको करना चाहिए था क्या वह आपने किया है? मैं नहीं समझता कि इनमें से कोई भी उद्देश्य पूरा हुआ है। कतई पूरा नहीं हुआ है। आज जो हालत सुधरी है वह इस बिल के कारण नहीं, वह इस वास्ते सुधरी है कि पैदावार अच्छी हो गई है, भगवान की कृपा से वर्षा समय पर हो गई। मुख्वतः इसी कारण से हालत सुधरी है। इसमें पार्टी का सवाल नहीं है।

इस ऐक्ट के अन्दर जो अधिकार दिए गए थे उसका क्या नतीजा निकला है। नतीजा यह निकला है कि वैस्टिड इंटरेस्ट्स पनपे हैं। आपके पास लाइसेंस देने की पावर है, कंट्रोल करने की पावर है, कीमतें तय करने की पावर है। क्या इन पावर्ज का आपने सही इस्तेमाल किया है? आपके नजदीक जो वैस्टिड इंटरेस्ट थे, आपके नजदीक जो इंडस्ट्रियलिस्ट्स की क्लास थी, उसको आपने थपकी दी है, उसको आपने बड़ा बना दिया है और जो छोटे-छोटे लोग थे उनको आपने अन्दर किया है। उसके ही खिलाफ आपने एक्शन लिया है। कनसेंट्रेशन आफ वैल्थ जो पहले कम था वह छः सालों में और भी ज्यादा बढ़ गया है रैग्युलेशन के नाम पर। एक ही क्लास को आपने आगे बढ़ाया है और दूसरी को आपने नीचे फेंका है।

चीनी के बारे में आपने क्या निर्णय किया? आपने कहा कि इतने परसेंट चीनी खुले बाजार में बिकेगी और इतने परसेंट राशन में मिलेगी। लोग कहते हैं कि इसमें बड़ा भारी गोलमाल हुआ है, करोड़ों का गोलमाल हुआ है। चीनी मिलों से करोड़ों रुपया चन्दे के तौर पर इकट्ठा किया गया, इस वास्ते यह सब हुआ। मैं नहीं कहता किसने किया, मैं नहीं जानता किसने किया। लेकिन यह कह सकता हूं कि पैसा लिया गया और उस हिसाब से इसको तय किया गया कि इतनी खुली मार्किट में आएगी और इतनी राशन में जाएगी, कंट्रोल में जाएगी। इस एक्ट को आपने पोलिटिकल ब्लेकमेलिंग का साधन बनाया। गरीब लोगों के फायदे के लिए इसको इस्तेमाल नहीं किया। रेग्युलर सप्लाई एश्योअर करने का यह तरीका नहीं है। फेअर डिस्ट्रीब्यूशन का यह तरीका नहीं है। अपनी कुर्सी को मजबूत बनाने के लिए, अपनी पार्टी को मजबूत बनाने के लिए आपने पैसा ऐंठा और पोलिटिकल ब्लेकमेलिंग से काम लिया।

कितने केसिस आपने पकड़े। आपने कहा कि 1969 में 8422 इसके तहत आपने केसिस पकड़े। चार हजार आदमी इसमें कनविक्ट किए गए। मैं जानना चाहता हूं कि इनमें कितने आदमी पकड़े गए? बिड़ला कंसर्न पर आपने केस चलाया इसी के तहत। मुकदमा जब कोर्ट में गया तो मैजिस्ट्रेट ने कहा कि दो नहीं चार साल पहले आपने वह आर्डर एनफोर्स किया था तो क्या उसको आपने नोटिफाई किया? तब इनको पता चला कि नोटिफाई नहीं हुआ वह। चार साल के बाद वह नोटिफाई हुआ और वह भी मैजिस्ट्रेट के प्वाइंट आउट करने पर। नतीजा यह हुआ कि बिड़ला साहब बिल्कुल साफ बच गए। वैस्टिड इंटरेस्ट इस बीच पनपे हैं। छोटे-छोटे दूकानदार जो तेल बेचते हैं, नमक बेचते हैं, चटनी बेचते हैं, उनको ही आपने पकड़ा है।

आपने इस में कहा कि रजिस्टर वगैरह

मेंटेन होने चाहिए। और भी टैक्नीकल बातें हैं जिन पर लोगों को अन्दर कर दिया जाता है, छोटी-छोटी बातों पर अन्दर कर दिया जाता है। उनको हैरास किया जाता है। इस सबका नतीजा यह हो रहा है कि जो अफसर हैं वे खूब मस्ती से पैसा खाते हैं। यह कहा जाता है कि रजिस्टर में नाम का पता नहीं लगता है। दिल्ली के एक केस का मुझे मालूम है। एक आदमी ने दूसरे को एक चीज बेची। उसका एड्रेस भी दिया हुआ है। इस पर कहा गया कि तुमने पूरा घर का नम्बर नहीं दिया और इस आधार पर उस दूकानदार को पकड़ कर ले गए। उसने कहा कि पोस्टल एड्रेस है, सब कुछ है, लेकिन उसको कहा गया कि पोस्टल एड्रेस कुछ भी हो घर का पता होना चाहिए था क्योंकि उसमें लिखा हुआ है कम्पलीट एड्रेस। चूंकि उन्होंने समझ लिया कि यह कम्पलीट नहीं है इस वास्ते उसको पकड़ कर अन्दर कर दिया। इस तरह से टैक्नीकल ग्राउंड्ज पर छोटे-छोटे लोगों को पकड़ कर अन्दर किया गया और बड़े-बड़े लोगों की पोलिटिकल ब्लैकमेलिंग के लिए सहायता की गई।

आप देखें कि डालडा के दाम हर पन्द्रह दिन बाद बढ़ा दिए जाते हैं, वनस्पति के दाम बढ़ा दिए जाते हैं। लोग तो समझते हैं कि सरकार ने देखभाल करके दाम बढ़ाए होंगे, इस वास्ते चुप रह जाते हैं। वैस्टिड इंटरेस्ट अगर दाम बढ़ाए और उसका जस्टिफिकेशन न हो और यह एक्ट बीच में न हो तो जो कंज्यूमर हैं, वे शोर मचायें, एजीटेट करें और उसको रिजिस्ट करने की कोशिश करें। लेकिन चूंकि सरकार बीच में होती है, इस वास्ते वे कुछ बोलते नहीं हैं। लेकिन सरकार क्या करती है? सरकार उन बढ़े हुए दामों पर पंद्रह दिन के बाद मुहर लगा देती है और कह देती है हां बेटा बड़ा अच्छा किया कि तुमने बढ़ा दिए और उसको वह आशीर्वाद दे देती है। उसको आशीर्वाद देकर लोगों को चुप करा देती है ताकि जो कंज्यूमर है वह रिजिस्ट न कर सके। बढ़ोतरी का कारण यह होता है कि आपकी उनके साथ मिली भगत रहती है, वैस्टिड इंटरेस्ट के साथ मिली भगत रहती है। आपने डालडा, वनस्पति घी, सिमेंट, पेपर आदि जो चीजें हैं और जिनकी आज कमी है, उसके बारे में क्या किया है? आज सुबह ही कागज की बात चली थी। दो बार कागज की कीमतें बढ़ाने के बावजूद भी आज साढ़े उन्नीस सौ रुपये टन के बजाय चौबीस सौ रुपये टन के हिसाब से कागज बिक रहा है। मंत्री महोदय दस बार आश्वासन दे चुके हैं कि वह कंट्रोल कर देंगे, इसकी कीमत को इस तरह से बढ़ने नहीं दिया जा सकता है। दो महीने से इस तरह की आवाज सुनाई दे रही है। लेकिन कुछ भी नहीं हुआ है। कहते हैं कि कमेटी बना दी गई है और उसकी मीटिंग 19 अप्रैल को होगी और उसके बाद फैसला कोई लिया जाएगा। इस बीच कापियां, बस्ते, किताबें आदि जो छपने हैं, छप जायेंगे। आजकल इनका सीजन चल रहा है। इनका काम पूरा हो जाएगा इनके द्वारा एक महीना देरी करने से। बाद में ये चंदा ले लेंगे और कहानी खत्म हो जाएगी। इस तरह की बातें हो रही हैं। यह एक्ट लोगों के फायदे के लिए इस्तेमाल नहीं हो रहा है। गलत तरीके से इसका इस्तेमाल किया जा रहा है।

आपने कहा है कि आठ हजार केसिस पकड़े गए और चार हजार को सजायें मिली हैं। लेकिन आप देखें कि कितनी डकैतियां पड़ी हैं या कितने मर्डर हुए हैं देश में। उनकी फिगर्स इससे कहीं ज्यादा होगी। इस वास्ते यह कोई जस्टिफिकेशन नहीं है, इसको मैं नहीं मानता हूं। यह जो एक्ट है यह पूर्णतया खत्म हो जाना चाहिए, इस हक में मैं नहीं हूं। रेग्युलेट आप करिए, कोई एतराज नहीं है। लेकिन इसका वर्किंग ठीक नहीं है, ठीक तरह से रेग्युलेट आप नहीं करते हैं, लोगों के हित में नहीं काम होता है। मेरा एतराज यह है कि आप किसी का गला घोटें और उसको अपील का मौका भी न दें, राइट भी न दें, यह गलत बात है।

[श्री कंवर लाल गुप्त]

आज हालत क्या है। पेपर की बात मैंने कही। वनस्पति की बात आपको मैंने बताई। आज दिल्ली में वनस्पति की कमी है। लेकिन अगर जरूरत पड़े तो वह आपको पन्द्रह-बीस रुपये अधिक दामों पर ब्लैक में मिल सकता है। एक टीन के पीछे इतनी ब्लैक चल रही है। ब्लैक में आप चाहें तो आपको एक हजार टीन मिल सकते हैं। लेकिन वैसे आप बाजार में चले जायें तो आपको आधा किलो देंगे। यह सब कुछ हो रहा है लेकिन फिर भी सरकार कुछ नहीं कर रही है। लोग चिल्ला रहे हैं लेकिन कुछ नहीं हो रहा है। कानून होने के बाद भी आप कुछ नहीं करते हैं।

उद्देश्य यही होना चाहिए कि ठीक दामों पर लोगों को चीजें मिलें। पंसारी या पनवाड़ी दो पैसे अधिक ले लेता है तो आप उसको पकड़ कर अन्दर कर देते हैं। लेकिन पब्लिक अंडरटेकिंग्ज में क्या हो रहा है। एस० टी० सी० दो सौ, तीन सौ और पांच सौ परसेंट तक प्राफिट ले रहा है और मसालों जैसी चीजों पर ले रहा है। वहां आप कुछ नहीं करते हैं। हर घर में इनका इस्तेमाल होता है। रेड्डी साहब के घर पर हमने खाना खाया था, वहां भी इसका इस्तेमाल हुआ था। कितनी ही चीजें बाहर से इम्पोर्ट होती हैं। अब क्या इन पर भी कंट्रोल नहीं होना चाहिए? आपके पास लाइसेंस है। दस बारह परसेंट जो रीजनेबल प्राफिट है वह आप लें। लेकिन आप तो सौ दो सौ परसेंट लेते हैं। कितनी ही आइटम्स है जिन पर छोटे लोगों से सरकार मुनाफा कमा रही है। गेहूं पंजाब में 60-70 रुपये पर खरीदा गया। इसको सौ रुपये के भाव पर बेचा जा रहा है। क्या इस पर कोई कंट्रोल नहीं होगा? क्या प्राइसिज पर कोई कंट्रोल नहीं होगा? क्या सरकार की इनएफिशेंसी इसी तरह जारी रहेगी? अगर प्राफिटीयरिंग और एक्सप्लायटेशन किसी प्राइवेट आदमी के लिए बुरे हैं, तो वे सरकार के लिए भी बुरे हैं। सरकारी इदारों को भी इसके अन्तर्गत लाया जाना चाहिए। लेकिन सरकार ने अपने इदारों की मुनाफ़ाखोरी को रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है।

जब किसी चीज की स्केसिटी या शार्टेज होती है, तो उसके दो महीने के बाद यह सरकार जागती है। लेकिन अगर किसी चीज की स्केसिटी नहीं है, तो फिर वह चाहे कितनी ही ऊंचे दाम पर बिके, सरकार उसके बारे में कोई कार्यवाही नहीं करती हैं। एक बार मैंने यह कैलकुलेट किया था कि जो फारेन कम्पनीज ड्रग्ज बनाती हैं, वे 22 परसेंट नेट प्राफिट बाहर भेजती हैं, जबकि यहां की कम्पनियां सिर्फ 2, 6 या 7 परसेंट प्राफिट लेती हैं। आखिर सरकार उन विदेशी कम्पनियों को कंट्रोल क्यों नहीं करती है, ताकि लोगों को सस्ती दवाइयां मिलें? सरकार के दवाइयां बनाने वाले कारखाने भी मुनाफ़ाखोरी करते हैं। मिसाल के तौर पर टी० बी० का इन्जेक्शन सरकार को बारह या तेरह पैसे का पड़ता है, लेकिन सरकार उसको एक रुपये का बेचती है। इस हालत में लोगों को यह पूछने का हक़ हासिल है कि सरकार खुद इतनी मुनाफ़ाखोरी क्यों करती है।

आखिर में मैं यह कहना चाहता हूं कि केवल कानून बनाने से यह समस्या हल नहीं होगी। अपनी इकानोमिक पालिसी को ठीक किए बगैर और एक रियलेस्टिक एपरोच अपनाने के बगैर सिर्फ इधर-उधर छोटी-मोटी एडजस्टमेंट करने और अपने आपको सोशलिस्ट कहने से ही यह समस्या हल नहीं होने वाली है। जरूरत इस बात की है कि प्राडक्शन बढ़ाया जाये। अगर थोड़ा बहुत सोशलिज्म का मेक-अप करने से चेहरा चमकने लगे, तो यह नहीं समझना चाहिए कि सोशलिज्म आ गया। सरकार की नीतियां वास्तव में सोशलिस्टिक होनी चाहिए और उसको रीयलेस्टिक एपरोच अपनानी चाहिए। प्राइस प्वाइंट पर हिन्दुस्तान की पिक्चर दुनिया

में सबसे खराब है। जितनी तेजी से हमारे यहां प्राइसिज का उतार-चढ़ाव होता है, और कहीं नहीं होता है। इसको रोकने का एक ही रास्ता है कि सरकार अपनी इकानोमिक पालिसीज को ठीक करे, अपनी पालिसीज को रीयलेस्टिक बनाए और इस तरह से एडहाक सालूशन्ज निकालना बन्द कर दे।

मैं इस बिल के मूलत: विरोध में नहीं हूं। लेकिन मुझे खेद है कि सरकार बिल्कुल पहले का सा बिल लेकर आई है। इसमें कुछ एडजस्टमेंट करना चाहिए था और इसके सक्त प्राविज़न्ज को ढीला करना चाहिए था। अगर सरकार लोगों को रेगुलेट करने के लिए एक सादा बिल लाती, तो हम उसका सर्थमन करते। हम यह नहीं चाहते कि ब्लैक मार्केटिंग या होर्डिंग करें। ऐसा करने वालों को सज़ा देनी चाहिए, लेकिन अपील का राइट न देना और समरी ट्रायल का तरीका अख्त्यार करना ठीक नहीं है। इसलिए मैं इस बिल की पूर्णत: निन्दा करता हूं।

MR. SPEAKER: Resolution moved:

"This House disapproved of the Essential Commodities (Amendment) Continuance Ordinance, 1969 (Ordinance No. 10 of 1969) promulgated by the President on the 30th December, 1969."

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT, INTERNAL TRADE AND COMPANY AFFAIRS (SHRI RAGHUNATHA REDDY): Mr. Speaker, Sir, on behalf of Shri Fakhruddin Ali Ahmed, I beg to move:

"That the Bill to continue the Essential Commodities (Amendment) Act, 1964, for a further period, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

The Bill seeks to extend the period of operation of the Essential Commodities (Amendment) Act, 1964 for a further period of two years after 31-12-69.

The Essential Commodities (Amendment) Act, 1964 had inserted Section 12A in the Essential Commodities Act, 1955. This Section provides that the Central Government may, in the interest of production, supply or distribution of any essential commodity and other relevant considerations, by notification in the official gazette, specify an order made under Section 3 of the Act to be special order and when such a notification is issued, the contravention of the said order can be tried summarily. The Act of 1964 also inserted Section 8A in the Criminal Law Amendment Act, 1952 which empowers the Special Judge trying an offence, specified under Sub-Section (1) of Section 6 of the Criminal Law Amendment Act, 1952, alleged to have been committed by a public servant in relation to the contravention of any special order as notified under Section 12A of the Essential Commodities Act, 1955, to try the offence summarily. The period of operation of the Essential Commodities (Amendment) Act, 1964 was originally upto 31st December, 1966 but was extended upto 31-12-1969 by an amending legislation in 1967.

The supply position of a number of essential commodities continuing to be subject to spasmodic shortage makes it necessary for the Central and State Governments to retain the provision of the Act enabling courts to try summarily contraventions of the special orders. All the State Governments, except the Government of Jammu & Kashmir (whose reply has not yet been received), and the Administration of Union Territories are of the opinion that the provision for summary trials should be extended beyond its present expiry date namely 31-12-1969 for a further period of two years. The Ministry of Food, Agriculture, Community Development and Co-operation have declared several orders issued by the State Governments under the Essential Commodities Act as special orders for purposes of summary trials. We have in our Ministry also, in the past, declared certain orders issued by the Governments of Mysore, Maharashtra, Kerala and Madhya Pradesh as special orders for purposes of summary trials under these provisions.

The Ministry of Home Affairs have been furnishing statistics of the police cases tried summarily by special courts in the various States and Union Territories under the Essential Commodities Act. During the

[Shri Raghunatha Reddy]

year 1968, 17960 cases were put up for summary trial in various States and 6018 persons were convicted. During 1969, 8422 cases were put up for summary trial and 4330 persons were covicted. It will be seen from the statistics that the State Governments and Union Territories have been utilising the provisions for summary trial under the Essential Commodities Act and have found these provisions useful. In view of this, I am certain the hon. Members will agree with me that the provisions of the Essential Commodities Act for trying offences summarily should be extended for a further period beyond 31-12-1969 and which has been fixed in the Bill as 2 years.

As the House is aware, this Bill was introduced in the winter session of the Rajya Sabha on 22-12-1969 but could not be considered and passed by that House for want of time. Since the last winter session of the Parliament had come to a close on 24-12-1969, and there was need for the continuance of the provisions for summary trials beyond 31-12-1969, an ordinance was promulgated by the President on 30-12-1969. By this Ordinance the duration of the 1964 Amending Act was extended for a further period of 2 years from 31-12-1969. It is now proposed to replace this ordinance by this Bill. In view of the issue of the Ordinance, certain consequential amendments to the Bill have also become necessary. I now request that the Essential Commodities (Amendment) Continuance Bill, 1969 be considered by the House.

MR. SPEAKER: Now Mr. Kanwar Lal Gupta's Statutory Resolution disapproving the Ordinance and the Essential Commodities (Amendment) Continuance Bill are both before the House.

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur): I would like to know when the Home Minister is going to make a statement on the attempted murder of Mr. Jyoti Basu.

MR. SPEAKER: He told me that he would make a statement in the evening. When will the Home Minister make the statement?

THE MINISTER OF PARLIAMENTARY AFFAIRS, AND SHIPPING AND TRANSPORT (SHRI RAGHU RAMAIAH): I will check up and let you know, Sir.

श्री अब्दुल गनी डार (गुड़गांव) : स्पीकर साहब, मेरा पाइंट आफ़ आर्डर है । इस हाउस में आपके सामने भी और आपसे पहले भी, जबकि आप इस हाउस में एक मेम्बर थे, यह बात आई है कि सरकार को अपने कानूनों में "सिवाए जम्मू-काश्मीर के" लिखना बन्द कर देना चाहिए । आखिर यह सरकार इस मुल्क के हिस्से-बखरे क्यों करती है और जम्मू-काश्मीर के बारे में हमारे केस को कमज़ोर क्यों बनाती है ? जो बिल इस तरह ग़ैर-ज़िम्मेदारी के साथ इस हाउस में लाए जाते हैं, आप उनकी इजाज़त न दें । सरकार इस तरह हमारे साथ खिलौने की तरह न खेले । मैं इसके बारे में आपकी रूलिंग चाहता हूं ।

[شری عبدالغنی ڈار (گڑگانوں)- سپیکر صاحب، میرا پائنٹ آف آرڈر ہے- اِس ہاؤس میں آپکے سامنے بھی اور آپ کے پہلے بھی، جبکہ آپ اِس ہاؤس میں ایک ممبر تھے، یہ بات آئی ہے کہ سرکار کو اپنے قانونوں میں "سوائے جموں کاشمیر کے" لکھنا بند کر دینا چاہیئے- آخر یہ سرکار اِس ملک کے حصے بخرے کیوں کرتی ہے اور جموں کاشمیر کے بارے میں ہمارے کیس کو کمزور کیوں بناتی ہے ؟ جو بل اسطرح غیر ذمہداری کے ساتھ اِس ہاؤس میں لائے جاتے ہیں آپ اُنکی اجازت نہ دیں-سرکار اِسطرح ہمارے ساتھ کھلونے کی طرح نہ کھیلے- میں اِس بارے میں آپکی رولنگ چاہتاھوں —]

अध्यक्ष महोदय : मैं इसके बारे में क्या रूलिंग दे सकता हूं । माननीय सदस्य ने जो कुछ कहना है, वह अपनी स्पीच में कह दें । अगर स्पीकर हर एक बात पर रूलिंग देना शुरू कर दे, तो बात कहां खत्म होगी ?

श्री एम० एस० मूर्ति ।

SHRI M. S. MURTI (Anakapalli): This Bill seeks to extend the operation of the Essential Commodities Act 1964 for a further period of 2 years and then the Ordinance is brought before the House which was promulgated in December, 1969. I wonder whether there is any need for this action at all. When the Government is vigilant there is no need for this at all. They say that it is because there is delay in getting the approval of the State Governments that this measure is brought. The ordinance had to be brought because it could not be passed by both Houses of Parliament. I want to know whether the delay is on the part of the State Governments or on the part of the Central Government which took their own time. Did the Central Government prescribe any time-limit for the State Governments to send in their replies? That is the point I would like to be clarified by this Government.

A number of articles are coming under the Essential Commodities Act and all these are in short supply. It has been there for the last 20 or 25 years or even more but yet no attempt has been made by this Government to increase production and give the articles to the people at a fair price. This has not been done so far. There has been no attempt on their part to do this. We find that three successive Five-year Plans are over and we are just entering into the fourth Five-year Plan but even then this short supply is there in respect of various commodities. Our economy is in shortage; everywhere there is shortage. Take for example, foodstuffs, steel, iron, sugar, jute, cement, paper—everything. There is short supply there. It can be called an economy of shortages. We do not know how we are going to tackle this problem. There are shortages in respect of various commodities. In the original Act it has been said that they have powers to bring in anything, any arable land under cultivation....

16.43 hrs.

[SHRI K. N. TIWARY—*in the Chair*]

. . . and in that particular and the kind of foodstuffs that are to be specified by the Government should be grown. But I ask this Government whether they have taken any action in this regard. Did they ask anybody to grow only a particular type of crops in any region? Why the Government should take upon itself all these powers when the Government cannot implement them? Therefore, Sir, I cannot understand the way in which the Government is functioning. No attempt has been made to produce foodstuffs and other things which are in short supply.

There are various things where production gaps are there. Not only in foodgrains, but it is there in edible oils, industrial raw materials, everywhere we find this production gaps. Even in respect of industrial raw materials production gaps are there. No attempt has been made to increase the raw material supplies. The original Act referes to proper distribution, proper production and proper supply at a fair price. But nothing has been done so far in respect of these things. What has been done is, as Mr. Kanwar Lal Gupta says, only blackmarket is increasing. One Minister here, Mr. K. C. Pant, when somebody referred to the blackmarketing the other day, said when there are no controls how can there be a black-market. That is how they take shelter under these things.

So far as there is control, how can there be black-marketing. This is something strange. I am reminded of a short story which I have heard when I was in the school. The Governor visited my school when my teacher was teaching me Mathematics. The teacher asked: The thief is running at the rate of four miles an hour. A policeman is chasing him at the rate of six miles. What will be the time taken by him to catch him?" The Govenor exclaimed by saying 'is there thief in the British Government administration?' This is what the Governor himself said. When there is a shortage, there can be control. There is black marketing when there is control. The control is meant only for people indulging in corrupt practices as also showing favouritism etc. Some people are being given permits for supplying certain items of foodstuffs and other commodities. Only poor common people and innocent people are being convicted for this sort of thing and not those who are indulging in corrupt practices. The man who is indulging in these corrupt practices gets away with the booty. That is how this Act is functioning in our country and there is no need for giving this slogan for the common man because the common man is very much in the lime light nowadays. Shri Jawaharlal Nehru 'Dis-

[Shri M. S. Murti]

covered of India' whereas Shrimati Indira Gandhi discovered 'commonmen of India'. For implementation of this Act, wide powers are being taken by Government to put an end to these activities practised by these people. I hope that Government will also take into account that there is a planned way of doing this sort of thing. Why should they come before the House for extension of this Act once in two years? During these five years so many commodities come under the purview of this Act. There is no plan at present. But, we find that Government comes up before the House seeking for extension of this Act for another two years. This is not the way of functioning of Government. There must be a certain planned way of doing these things and planned way of distribution of commodities and at a fair price. Otherwise we cannot check the price of the commodities. Prices are soaring up every year and for every ten percent increase in price, Government go on paying Dearness Allowance to its employees. If there is a planned way of production, then only the question of distribution of commodities at fair price will come in. What is the haphazard way of seeking for extension of this act for two years? I think Government should come before the House with a planned programme for extension of this Act for five, six or ten years and beyond that we do not want to extend this Act. This would create confidence in the minds of the people—commonmen. Just now the Minister gave some figures stating that about 17,800 people had been involved in the food offences. But of these only 6,000 people have been convicted under this Act. Only innocent people are punished. Summary trial court is being created. If anyone goes to the court the police people harass him. Some of these officers are indulging in corrupt practices but they are set free. Only the innocent people are convicted. Summary trials are going on. I do not know what is the position in other places to put an end to the blackmarketing that is going on. Something must be done to put an end to this blackmarketing and the people are assured of their supplies at a fair and reasonable price. I would like to know as to what has been done in this regard to see that the commodities are made available to the poor people at a fair price. I think there should be a proper plan before coming to the House for asking for extension of this Act two years.

We do not want to extend this act any more. If this is the sort of functioning of this Government it would serve no useful purpose at all in giving this extension to this Act.

Thank you.

सभापति महोदय : मैं एक बात बता दूं कि जो यह पूछा गया था कि होम मिनिस्टर कितने बजे श्री ज्योति बसु के सम्बन्ध में स्टेटमेंट करेंगे तो वह 6 बजे स्टेटमेंट करेंगे ।

श्री रणधीर सिंह (रोहतक) : चेयरमैन महोदय, गवर्नमेंट के नजरिए से इस बिल के एम्स ऐन्ड आब्जेक्ट्स अच्छे हैं । सन् 64 के पहले भी एक ऐसा बिल होता था । पहली लड़ाई के बाद एक ऐक्ट नम्बर 24 होता था उसको भी यही बोलते थे । उसमें एक दफा सात होती थी । चूंकि मैं खुद वकालत करता रहा हूं इसलिए मुझे जाती इल्म है कि लाखों की तादाद में गरीब आदमी उसके शिकार होते थे । उसका बड़ा मिसयूज होता था । अगर इस बिल को लाने से भला हो जाए, फेयर डिस्ट्रीब्यूशन हो जाए, ठीक तरह से रेगुलेट हो जाए, प्रोड्यूसर्स का भला हो जाए, कंज्यूमर्स का भला हो और देश में मंहगाई समाप्त होकर और ठीक तरह से तिजारत चले, तक्सीम ठीक हो तो मुझे इस पर कोई एतराज नहीं होगा । लेकिन मैं देखता हूं कि पहले सन् 40 के बाद जो कानून था और सन् 64 के बाद जो शक्ल अख्तियार की है, खास तौर पर ज्यादा बातें तो नहीं कहूंगा लेकिन इतना जरूर है कि जो गरीब तबका है, देहात के किसान और मजदूर उनके हकों पर इस बिल की मार्फत डाका डाला गया है । दुनिया भर के बेकसूर लोग इसकी मार्फत पकड़े गए जो कि अपनी जिन्स पैदा करते हैं । जमुना के नजदीक, दिल्ली के नजदीक कोई गांव है, मंडी से कोई अपने घर के लिए अनाज लाए तो उस बेचारे को हरिजन बैकवर्ड समझ कर यह कह दिया गया कि यह तो यू० पी० में अनाज

लिए जा रहा है और उसको पकड़ लिया। मुझे खुद इस बात का इल्म है कि पांच-पांच, दस-दस सेर अनाज के बदले में एक महीने की कैद हो गई और साथ में उसका अनाज भी जब्त हो गया। एक बेचारा गरीब आदमी जो दस रुपये भी नहीं कमा सकता, वह भूखों मर रहा था, उसने किसी से दस रुपये कर्ज लिए और आप जानते हैं कि देहातों में तो फेयर प्राइस शाप्स कहां होती हैं, वह शहर से उस पैसे का अनाज लेकर चला तो रास्ते में उसको पुलिस वालों ने पकड़ लिया। पुलिस वाले समझते हैं इस तरह से छोटी मुर्गी को पकड़ते रहो तो अपनी डायरी पूरी हो जाएगी। तीस चालीस केसेज इस तरह से पकड़ लिए तो सिपाही से हवलदार हो जाऊंगा और हवलदार से थानेदार बन जाऊंगा। चूंकि मैं वकील रहा हूं इसलिए मैंने देखा है कि छोटे-छोटे बच्चों को पकड़ लिया, उनके यहां पर तो हथकड़ी डाल नहीं सकते इसलिए बढ़ाकर यहां हथकड़ी डाल दी। मैंने बगैर फीस के उनकी वकालत की है।

तो मेरा जो प्वाइन्ट है वह यही है कि इसकी मार गरीब पर ज्यादा रही। जो हरिजन, किसान और बैकवर्ड हैं या जो मशरिकी और मगरबी पाकिस्तान से उजड़े हुए भाई हैं उन पर इसकी मार पड़ी है। रेल में जा रहे हैं, दो लोग पास बैठे हैं, जिसकी चीज है वह तो चला गया लेकिन पुलिस वालों ने दूसरे को पकड़ लिया। जैसा कि गुप्ताजी ने बताया, कोई वकील नहीं, कोई वकील नहीं बिल्कुल अन्धेर नगरी चौपट राजा, टका सेर भाजी और टका सेर खाजा। चूंकि मुझे पता है इसलिए मैं बता रहा हूं। मेरा दिल तड़पता है जब मैं इस तरह की बात कहता हूं। वेलफेयर स्टेट, सोशलिज्म की बात होती है लेकिन जिस गरीब पर मार लगती है वही बेचारा जानता है। बेचारा किसान अपने खेत से जिन्स ला रहा है, उसका गांव दिल्ली की सरहद के नजदीक हरयाणे में है, हरयाणे के एक गांव से दूसरे गांव में जा रहा है, अब बाउन्ड्री लाइन इतनी सीधी तो है नहीं कि बीच में किसी और स्टेट का हिस्सा न पड़े तो बीच में ही उसको पुलिस वालों ने पकड़ लिया कि वह तो ब्लैकमार्केटियर है। अब उसकी गाड़ी भी जब्त, अनाज भी जब्त और बैल भी जब्त और ऊपर से उसकी कैद। इन बातों का मुझे जाती इल्म है। उसकी सजा तो होती है एक महीने की लेकिन इस तरह से उसका अनाज हजारों रुपये का फालतू जुर्माने में चला गया। मैंने खुद वकील की हैसियत से हजारों आदमियों की जमानतें इस ऐक्ट की तहत करवाई हैं। अदालतें भी बड़ा ताज्जुब करती थीं कि किस तरह का यह ऐक्ट है। बात तो होती है फेयर डिस्ट्रीब्यूशन की, रेगुलेशन की और यह कि लोगों में ठीक तरह से अनाज तक्सीम हो लेकिन सिवाय लोगों को हेरस करने के और कोई भी बात मुझे इसमें नजर नहीं आई।

दूसरी बात यह है कि जो ब्लैकमार्केटियर्स हैं, स्टोर करने वाले हैं वह गरीब किसान का अनाज खरीद लेते हैं अपना मुनाफा कमाने के लिए, उसको अपने गोदामों में भर लेते हैं और फिर बाजार में किल्लत पैदा कर देते हैं। किसान से तो उन्होंने 70 या 75 रु० क्वींटल में खरीदा लेकिन दो महीने के बाद उसी को वे 170 रुपये में बेचते हैं। चंडीगढ़ में उसका भाव 70 रुपये है तो बंगलौर में 140 का भाव है और कलकत्ते में 150 है। मैं पूछता हूं कि ये मिडिलमैन कहां से पैदा हो गए। हमारे भाई गुप्ता की जो बिरादरी है उससे भी बड़ा बनिया यह फूड कार्पोरेशन है। हमारे इन भाइयों को तो कुछ शर्म भी आती है लेकिन यह फूड कार्पोरेशन तो किसी की शर्म नहीं करता। आफिसर और बाबू सब बीच में खा जाते हैं। यहां दाढ़ी से मूंछ बढ़ गई। ख्वाहम ख्वाह बीच में एक नया मिडिलमैन आ गया। फेयर डिस्ट्रीब्यूशन की बात इस ऐक्ट की तहत की जाती है कि सही तरीके से चीजों को तक्सीम करते हैं। जो लखपती थे वह आज करोड़पती बन गए हैं। ब्लैकमार्केटियर्स के तो कहने ही क्या हैं। जो

[श्री रणधीर सिंह]

मिलावट करने वाले हैं वह मिलावट करके एक सेर की चीज को दो सेर बना देते हैं। सारे करेक्टर को बिगाड़ कर रख दिया है आपके इस ऐक्ट ने। सारी चीजें इस ऐक्ट के तहत हो रही हैं। लोग वजीरों के यहां चक्कर लगाते रहते हैं। मुझ से भी लोग कहते हैं कि कोका कोला की एजेन्सी दिलवा दीजिए, कोई कहता है ट्रैक्टर की एजेन्सी दिलवा दीजिए। हमको और गुप्ता जी को एजेन्सी वालों ने खा लिया। इसी ऐक्ट की तहत सब कुछ होता है। यह कोटा पर्मिट सिस्टम सब इसी ऐक्ट की देन है। ये हमारे भाई कोई अच्छी चीज होती है तो अपना नाम लेते हैं और जो बुरी चीज होती है वह हमारे ऊपर डाल देते हैं।. . . (**व्यवधान**). . . यह सही बात है कि इस ऐक्ट की नीयत अच्छी है लेकिन जो इम्प्लीमेंटेशन होता है उसकी वजह से दुनिया भर के खराब नतायज निकलते हैं।

किसान बेचारा अपनी जिन्स पैदा करता है लेकिन कोई इस बात को नहीं देखता कि गेहूं पैदा करने के लिए, गन्ना पैदा करने के लिए या चना पैदा करने के लिए उसका कितना खर्चा हुआ। मैं अभी अपने हल्के से आया हूं जहां पर कि ओले पड़े हैं। मैं वहां से चने लाया था यह दिखाने के लिए कि किस कदर नुक्सान हुआ है। यहां पर वह ला नहीं सका। किसान बेचारा आसमान की तरफ देखता है कि पता नहीं एक मिनट में क्या हो जाए। 50 साल में ऐसी बेहतरीन फसल नहीं उगी थी लेकिन सारी सत्यानाश हो गई। आज कितने ही बेचारे किसान रो रहे हैं। और दूसरी तरफ यह बंदिश है कि गल्ला दिल्ली से यू० पी० नहीं जा सकता। बिड़ला, टाटा और सेठ लोग तो लंदन चले जायं लेकिन किसान का बेटा हरयाणे से दिल्ली नहीं जा सकता, दिल्ली से यू० पी० नहीं जा सकता, यू० पी० से मध्य प्रदेश नहीं जा सकता। इस तरह का आपका यह ऐक्ट है। इस तरह का सोशलिज्म और वेलफेयर स्टेट है। इस ऐक्ट की बदौलत ही सारी चीजें होती हैं। एक-एक आदमी में इतना फर्क किया जाता है। कुछ आदमियों को ब्लैक मार्केटिंग करने के लिए लाइसेंस मिल जाते हैं कि इतना चावल तुम केरल ले जा सकते हो, इतना गेहूं तुम बंगाल ले जा सकते हो। यह जो एफ० सी० आई० से परमिट कोटे दिए जाते हैं यह क्या अच्छी बात है? अगर सस्ते भाव में किसान, गरीब मजदूर के पेट में रोटी जाय तो ठीक है और यह बीच में जो एफ० सी० आई० है जो कनज्यूमर्स को भी नहीं बख्शते हैं, किसान और मजदूर को भी मारते हैं, यह ठीक नहीं है। दुनिया भर का डिस्क्रिमिनेशन होता है जो सरासर गलत है। किसान कोई चीज पैदा करे तो उसको रेम्यूनरेटिव प्राइस नहीं मिलती है। बत्तल फोड़ दो उसका और उसी चीज को दुगने, तिगुने दामों पर बेचो। अगर किसान सीमेंट चाहते हैं तो कहा जाता है कि नहीं साहब कच्चे झोंपड़े में रहो और सीमेंट बड़े आदमियों को जो कि बम्बई और कलकत्ता में स्वतंत्र पार्टी के लोग रहते हैं उनको दिया जाता है। गरीब किसान के लिए देहातों में सीमेंट नहीं दिया जा सकता जो कि 70, 80 फ़ीसदी देहात में रहता है। यह क्या डिस्ट्रिब्यूशन है आपका। यह ऐसेंशियल सप्लाईज मैं पूछना चाहता हूं कि क्या देहात के लिए नहीं हैं, हरिजन, गरीब, बैकवर्ड और गरीब किसान के लिए नहीं है। 80 फ़ीसदी लोग देहातों में रहते हैं कहां का यह आपका ऐक्ट है कि उनको तो 10 परसेंट सीमेंट भी नहीं देते, और शहरों में जो 10 फीसदी लोग बसते हैं उनको 95 फीसदी आप सीमेंट देते हैं। हमारी बिल्ली और हम ही को म्याऊं। यह हम नहीं मानेंगे।

17.00 hrs.

चीनी खाने वाले चमचम, पेड़े खाते हैं, मालूम होता है कि उन्हीं के दिल हैं और देहात में कोई आदमी नहीं रहते। वही पैदा करते हैं लेकिन उन्हीं को चीज उनकी जरूरत की मंहगे दामों पर मिलती है। लकड़ी 9 रु० मन है, लेकिन किसान का गन्ना 3 रु० मन लिया

जाता है फिर उसी गन्ने से जब चीनी बनती है तो उसको गरीब किसान, मजदूर और देहात का हरिजन नहीं खा सकता। कलकत्ता और बम्बई वाले साहब खायेंगे। यह गंवार, जंगली आदमी देहात के क्या चीनी को जानें। मालूम होता है कि जैसे उनके यहां त्यौहार, शादी विवाह होते ही नहीं, या बच्चे नहीं होते। औरत को बच्चे के जन्म के वक्त चीनी नहीं मिलती, त्यौहार और बारात पर चीनी नहीं मिलती। तो यह जो बिल आप हमारे हाथों से पास कराना चाहते हैं यह हम कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसको अगर आप पास कराना ही चाहते हैं तो पहले आप इसको ठीक करें।

कपड़ा बड़े लोग पहनते हैं, सैकड़ों रु० गज का कपड़ा पहनते हैं। लेकिन गरीब आदमी नहीं पहन सकता। परसों के पैट्रियट अखबार में फोटो निकला था कि एक गुदड़े में पांच सौ थेगली लगी हुई हैं। देहात में बढ़िया कपड़ा नहीं मिलेगा। बढ़िया ओढ़ने, पहनने को शहर में चाहिए, देहात में कपड़ा नहीं मिलेगा। लोहा उनको नहीं मिलेगा जो कि किसान की खास जरूरत की चीज है। लोहा कोल्हू में, रहट में, हल में, खुर्पे की फली में, सब में लोहा ही लोहा चाहिए तो उसको आप कई गुना महंगा देंगे जिसका फायदा टाटा, बिड़ला और डालमिया की एजेन्सियां खा जायेंगी। कोयला गरीबों को नहीं मिल सकता, सीमेंट नहीं मिलता, शुगर नहीं मिलती, कपड़ा, लोहा नहीं मिलता और मिट्टी के तेल पर आपने पैसे बढ़ा दिए, चाय कौन पिएगा, तम्बाकू पर आपने उसकी खाल उतार ली। अगर एक बीघा भी तम्बाकू बोए तो गिरदावर 10 बीघा दिखाएगा और उसका टैक्स इतना लाद देगा कि उस किसान के पड़पोते भी तम्बाकू की काश्त नहीं कर सकेंगे। किसी साथी ने ठीक कहा कि हाथी के दांत खाने के और और दिखाने के और हैं। बिल बढ़िया है लेकिन रूमाल में सरकार डंडा रखे हैं उसकी खाल उतारने के लिए।

एक बात और कहना चाहता हूं कि अगर आप यह बिल हमसे पास कराना ही चाहते हैं तो सरकार डिस्ट्रिब्यूशन को ठीक करें। कोई रूल बना दीजिए जो इंसाफ पर बना हो कि 70 फीसदी सीमेंट, चीनी, कपड़ा और किसान की रोजाना काम में आने वाली चीजें उसको उचित दाम पर देहात में दी जायेंगी। लोहा, कीरोसिन आयल इस भाव पर मिलेगा, कीमतों में तवाजुन पैदा कर दिया जायगा। किसान की चीज अगर आप सस्ती खरीदना चाहते हैं तो जो देहात में रहने वाले हैं उनको भी आप सस्ती चीज दीजिए। यह नहीं कि उनकी खाल उतारते रहें और कोई चीज वह खरीद नहीं सकें इतनी महंगी उनकी कीमत कर दी जाय।

दूसरी चीज यह कहना चाहता हूं कि किसी तरह से आप इस कोटे, परमिट सिस्टम को खत्म कीजिए। यह बदनामी हमारे सिर पर आती है कि कांग्रेसियों ने खा लिया, जब कि कोटा, परमिट हम नहीं खाते। लेकिन फिर भी जबरदस्ती हमारा नाम लगा देते हैं। तो इस कोटा, परमिट सिस्टम को खत्म कर दो। और अगर रखना ही है तो गरीब हरिजन को दो। जो सबसे ज्यादा गरीब दबा हुआ तबका है उसको दो। टाटा, बिड़ला, डालमियां को देने की जरूरत नहीं है उसका पेट तो पहले से ही मोटा है। तो अव्वल तो कोटा, परमिट खत्म करो। और अगर खत्म न करो तो गरीब को दो कोआपरेटिव बेसिस पर कंज्यूमर स्टोर बना कर दो। और पैरिटी आफ प्राइस करो। मिनिस्टर साहब सीशलिज्म मुझ से ज्यादा जानते हैं इसलिए मुझे ज्यादा उनको समझाने की जरूरत नहीं है। जो आपने कई चीजों में जोनल सिस्टम कर दिया है इसको किसी तरह से मिटाइए। ब्लैक-मार्केटिंग, स्टोरेज और ऊंची कीमतों को खत्म कीजिए तथा मेहरबानी करके जिन चीजों की किसान को रोजाना की जिन्दगी में खेती के लिए जरूरत पड़ती है, जैसे ट्रैक्टर, इम्पुट्स और दूसरे ऐग्रीकल्चरल इमप्लीमेंट्स हैं, उसको

[श्री रणधीर सिंह]

अगर इंसेंटिव प्राइस पर नहीं देना चाहते तो ठीक प्राइस पर ही उसको दे दें। अगर आप यह कर देंगे तो मैं पूरे जोर से इस बिल का समर्थन करूंगा। और अगर आप ऐसा नहीं करेंगे तो मैं समझूंगा कि आप किसान और हरिजन की गर्दन पर चाकू लगा रहे हैं।

SHRI S. K. TAPURIAH (Pali): Sir, it is indeed a very happy day today that the ultra-progressive Choudhuri Randhir Singh has become a practical progressive man. I forgive him for his distrust and rejection of Swatantra members, but I appreciate that he has seen the light of the day and by rejecting the permit-quota-licence raj and by denouncing the monolith of the Food Corporation of India, he has today decided to accept the Swatantra philosophy.

SHRI SURENDRANATH DWIVEDY (Kendrapara): That is why they are extending support to you in Gujarat.

SHRI S. K. TAPURIAH: And, are supporting you in Orissa ?

SHRI SURENDRANATH DWIVEDY: There is no support in Orissa; you are mistaken. (*Interruptions*).

SHRI S. K. TAPURIAH: But I would like to explode one myth which Chaudhary Randhir Singh tried to propound when he tried to mention the type of cloth that we use. When we use this terrylene or man-made yarn in our bush-shirts we are paying quite a good sum to the exchequer. If I pay Rs. 100 for my bushshirt I am paying Rs. 50 to the State because 100 per cent duty is imposed on it. But when these people buy Khaddar for their kurta or jacket they rob the poor people of some money because the State is subsidising khadi. So, whereas they take away money from the State by way of subsidy, we are contributing to the State exchequer.

AN HON. MEMBER: What about the aspect of employment in khadi?

SHRI S. K. TAPURIAH: Don't you employ men in your mills? So, please do not bring in such arguments.

